11/GA/CC/PT-2025

Booklet Series

**H**

Serial No. 2247760

Candidate's Roll Number

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

Question Booklet

# GENERAL STUDIES

**Time Allowed : 2 Hours**

**Maximum Marks : 150**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet contains **150** questions in all.
2. All questions carry equal marks.
3. An Answer Sheet has been supplied inside the Question Booklet to mark the answers. **You must write your Roll Number and encode it and write other particulars in the space provided in the Answer Sheet, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
4. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and attached answer sheet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Booklet and the series encoded in answer sheet are same. Also please check that the Booklet contains 48 printed pages including two pages (Page Nos. 46 and 47) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated or question booklet and answer sheet have different series. If you find any defect in this Booklet and attached answer sheet, get it replaced immediately by a complete Booklet with OMR sheet of the same series.**
5. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
6. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
7. Questions and their responses are printed in English and Hindi versions in this Booklet. Each question comprises of four responses - (A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case choose ONLY ONE response for each question.
8. In the Answer Sheet, there are **four** circles - Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ against each question. To answer the questions, you are to mark with **Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle** of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
9. For each question for which a wrong answer/more than one answer has been given by the candidates, **one third (1/3)** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
10. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
11. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.
12. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.



**ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।**

1. यूएनडीपी के मानव विकास सूचकांक (HDI) रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत में जीवन प्रत्याशा 1990 में 58.6 वर्ष थी। यह 2023 में कितनी हो गई?

(A) 72 वर्ष

(B) 73 वर्ष

(C) 74 वर्ष

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

2. फरवरी 2025 में एआई एक्शन समिट किस शहर में आयोजित हुआ था?

(A) बेंगलुरू

(B) पेरिस

(C) रोम

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

3. 96 वें अकादमी पुरस्कार (2024) में, एम्मा स्टोन को किस फिल्म में मुख्य भूमिका के लिए ऑस्कर मिला?

(A) ला ला लैंड

(B) पुअर थिंग्स

(C) द फेवरेट

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

4. किस गुजराती फिल्म ने 70 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में राष्ट्रीय, सामाजिक और पर्यावरणीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जीता?

(A) हेल्लारो

(B) छेल्लो शो

(C) कच्छ एक्सप्रेस

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

5. निम्नलिखित में से किस व्यक्ति या संगठन को 2024 का रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(A) फुंत्शो, कर्मा

(B) रुरल डॉक्टर्स मूवमेंट

(C) मियाज़ाकी हायाओ

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

6. आकाशतीर के बारे में निम्न में से कौन–से कथन सही हैं?

(A) आकाशतीर भारतीय सेना की एयर डिफेंस प्रणाली का मूल है।

(B) यह भारत की व्यापक C4ISR प्रणाली को सहजता से एकीकृत करता है।

(C) यह निष्क्रिय रक्षा से सक्रिय प्रतिकार के रणनीतिक बदलाव को दर्शाता है।

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

7. निम्नलिखित में से कौन–से रक्षा प्लेटफॉर्म 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत भारत की स्वदेशी सैन्य प्रणाली का हिस्सा हैं?

(A) F-35 लाइटनिंग II

(B) मुख्य युद्धक टैंक (MBT) अर्जुन

(C) उन्नत टोव्ड आर्टिलरी गन सिस्टम (ATAGS)

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

8. कौन–सा दिन होलोकॉस्ट मेमोरियल डे के रूप में जाना जाता है?

(A) 15 जनवरी

(B) 27 जनवरी

(C) 10 फरवरी

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

CCS UPSC ccsupsc.com

9. बानू मुश्ताक की किस पुस्तक को 2025 का अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार मिला ?

(A) लाइट ऑफ द हार्ट

(B) हार्ट लैम्प

(C) सोल लैन्टन्

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

10. सिंधु जल संधि के अनुसार, तीन पूर्वी नदियाँ भारत को आवंटित की गई हैं। निम्नलिखित में से कौन–सी उनमें शामिल नहीं है?

(A) झेलम

(B) रावी

(C) सतलुज

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

11. UNDP द्वारा विकसित क्षमता गरीबी माप (CPM) के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?

1) सी. पी. एम. में स्वास्थ्य और पोषण की कमी के प्रतिनिधि के रूप में बाल कुपोषण को शामिल किया गया है।

2) शिक्षा और ज्ञान में अभाव को दर्शाने के लिए महिला निरक्षरता को शामिल किया गया है।

3) यह पुरुष निरक्षरता को क्षमता गरीबी का एक प्रमुख संकेतक मानता है।

4) इसमें क्षमता गरीबी के एक महत्वपूर्ण संकेतक के रूप में स्वच्छ पेयजल तक पहुंच की कमी शामिल है।

नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें :

(A) 1 और 2

(B) 1, 2 और 3

(C) केवल 1

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

12. निम्नलिखित में से कौन–सी वस्तु/वस्तुएं अप्रैल–सितंबर 2024-25 के दौरान भारत के निर्यात की शीर्ष दस प्रमुख वस्तुओं में से नहीं है?

(A) पेट्रोलियम उत्पाद

(B) लोहा और इस्पात

(C) बासमती चावल

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

13. भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 (ISFR 2023) के अनुसार:

(A) देश का कुल वन और वृक्ष आवरण देश के भौगोलिक क्षेत्र का 15% है।

(B) सबसे बड़े दर्ज वन क्षेत्र (आरएफए) वाले शीर्ष तीन राज्य झारखंड, अंडमान और निकोबार और मणिपुर हैं।

(C) सबसे अधिक वृक्षावरण महाराष्ट्र राज्य में पाया गया है और उसके बाद राजस्थान और उत्तर प्रदेश का स्थान है।

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

14. 2023 में वैश्विक सेवाओं के निर्यात में निम्नलिखित में से किस देश की भारत से अधिक हिस्सेदारी थी?

(A) रूस

(B) आयरलैंड

(C) इंडोनेशिया

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

CCS UPSC ccsupsc.com

15. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के U-WIN पोर्टल के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा/से कथन **सही नहीं** है/हैं?

(A) यह क्यूआर (QR)-आधारित ई–टीकाकरण प्रमाणपत्र प्रदान करता है।

(B) यह माता–पिता और बच्चों के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खातों (ABHA) के निर्माण की सुविधा प्रदान करता है।

(C) पोर्टल 11 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

16. किस संगठन ने संयुक्त रूप से आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) के साथ राष्ट्रीय शहरी नवाचार स्टैक (NUIS) डिजिटल ब्लूप्रिंट विकसित किया है?

(A) इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय

(B) राष्ट्रीय शहरी मामले संस्थान (एनआईयूए)

(C) नीति आयोग

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

17. 31 अक्टूबर 2024 तक भारतमाला परियोजना के तहत किस राज्य में सबसे अधिक निर्मित सड़क की लंबाई थी?

(A) राजस्थान

(B) उत्तर प्रदेश

(C) महाराष्ट्र

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

18. किसान ऋण पोर्टल (केआरपी) के शुभारंभ से पहले, किसान ब्याज अनुदान और शीघ्र पुनर्भुगतान प्रोत्साहन योजनाओं के तहत मैन्युअल दावे निम्नलिखित में से किस संस्थान को प्रस्तुत करते थे?

(A) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय और नाबार्ड

(B) भारतीय रिजर्व बैंक और नाबार्ड

(C) भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम और भारतीय रिजर्व बैंक

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

19. भारत का विदेशी मुद्रा भंडार :

(A) दिसंबर 2024 के अंत तक बढ़कर लगभग 640 बिलियन अमरिकी डॉलर हो गया

(B) दुनिया में सातवें सबसे बड़े हैं

(C) 2024 में लगभग 24 बिलियन अमरिकी डॉलर के BoP घाटे के कारण कमी आई

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

20. NFHS-5 के आंकड़ों के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य ने 2019-20 में 6% से कम आबादी को बहुआयामी रूप से गरीब के रूप में दर्ज किया?

(A) जम्मू और कश्मीर

(B) हिमाचल प्रदेश

(C) उत्तर प्रदेश

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

21. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए।

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| a) प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना | 1) 2023-24 के केंद्रीय बजट में पेश किया गया |
| b) तटरेखा आवास और मूर्त आय के लिए मैंग्रोव पहल (MISHTI) | 2) ऊर्जा–गहन उद्योगों में उत्सर्जन को कम करने का लक्ष्य |
| c) पर्यावरण के लिए जीवन शैली (LiFE) पहल | 3) राष्ट्रीय स्तर की रणनीति के रूप में 2019 में लॉन्च किया गया |
| d) राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) | 4) नवंबर 2021 में ग्लासगो में COP26 में लॉन्च किया गया |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

22. वार्षिक पीएलएफएस 2023-24 रिपोर्ट के अनुसार :

(A) वर्ष 2021-22 के बाद से शहरी महिलाओं की तुलना में ग्रामीण महिलाओं के श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) में अधिक वृद्धि हुई है।

(B) 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 90 फीसदी राज्यों में कार्यबल भागीदारी दर (WPR) (सभी उम्र के लिए) राष्ट्रीय औसत 43.7 फीसदी से नीचे है।

(C) कृषि में महिला श्रमिकों की हिस्सेदारी 2017-18 से 2023-24 तक काफी कम हो गई है।

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

23. निम्नलिखित में से क्या विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार नीति 2020 का परिणाम **नहीं** था?

(A) एक राष्ट्र, एक सदस्यता

(B) अनुसंधान और नवाचार उत्कृष्टता फ्रेमवर्क (आरआईईएफ)

(C) अटल इनोवेशन मिशन

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

24. देश के सकल मूल्य वर्धित (GVA) में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की हिस्सेदारी 2020-21 में ........ से बढ़कर 2022-23 में ...... हो गई है।

(A) 30.3%, 35.6%

(B) 27.3%, 30.1%

(C) 35.1%, 38.2%

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

25. भारतीय सीमेंट उद्योग के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है/हैं?

1) भारत का लगभग 87% सीमेंट उद्योग राजस्थान, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे कुछ प्रमुख राज्यों में केंद्रित है।

2) भारत दुनिया में सीमेंट का सबसे बड़ा उत्पादक है।

3) भारत में अधिकांश सीमेंट संयंत्र कच्चे माल के स्रोतों से दूर और निर्यात का समर्थन करने के लिए बंदरगाहों के पास स्थित हैं।

नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें :

(A) 1

(B) 2

(C) 1 और 3

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

CCS UPSC ccsupsc.com 2247760 2247760

**26.** बिहार के मिशन दक्ष का प्राथमिक उद्देश्य क्या है ?

(A) ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक विद्यालयों में स्कूल नामांकन बढ़ाना।

(B) वरिष्ठ–माध्यमिक स्तर पर शिक्षकों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना।

(C) ग्रेड–स्तरीय दक्षताओं तक पहुंचने के लिए पिछड़ने वाले छात्रों के लिए व्यक्तिगत सलाह प्रदान करना।

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

**27.** बिहार स्टार्टअप नीति 2022 के YUVA ढांचे के तहत निम्नलिखित में से कौन–सा/से घटक नहीं है/हैं?

(A) शिक्षा प्रणाली में जीवंतता

(B) समर्थन के लिए नियामक समर्थक

(C) अंतर्राष्ट्रीय बाजार विस्तार योजनाएं

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

**28.** 2023-24 में बिहार के आर्थिक प्रदर्शन के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?

(A) मौजूदा कीमतों पर बिहार की प्रति व्यक्ति जीएसडीपी पिछले वर्ष की तुलना में 2023-24 में 12.8% बढ़ी

(B) 2023-24 में बिहार के जीएसवीए (स्थिर मूल्य) में तृतीयक क्षेत्र की अनुमानित हिस्सेदारी 58.6% थी

(C) सकल स्थायी पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) 2023-24 में वर्तमान मूल्यों पर जीएसडीपी का 4.6% था।

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

**29.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

1) बिहार में युवा जनसंख्या (0-19 वर्ष) के अनुपात में 2041 तक काफी गिरावट का अनुमान है।

2) बिहार का जनसांख्यिकीय लाभांश 2041 के आसपास चरम पर होने की उम्मीद है।

3) बिहार में बुजुर्ग आबादी (60+ वर्ष) भारत की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ने की उम्मीद है।

नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें :

(A) 1 और 2 सही हैं

(B) 1 और 3 सही हैं

(C) 2 और 3 सही हैं

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

**30.** पीएलएफएस 2023-24 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन–सा कथन बिहार में महिलाओं के बीच रोजगार की प्रकृति का सबसे अच्छा वर्णन करता है ?

(A) ज्यादातर महिलाएं औपचारिक, नियमित वेतन वाली नौकरियों में कार्यरत हैं।

(B) अधिकांश महिलाएं स्व–नियोजित हैं, जो अक्सर घरेलू उद्यमों में सहायक के रूप में काम करती हैं।

(C) अधिकांश महिलाएं द्वितीयक क्षेत्र में कार्यरत थीं

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

**31.** लोकसभा के सचिवालय स्टाफ की नियुक्ति की शक्ति निहित है :

(A) संघ लोक सेवा आयोग में

(B) प्रधानमंत्री कार्यालय में

(C) कर्मचारी चयन आयोग में

(D) लोकसभा अध्यक्ष से परामर्श उपरान्त राष्ट्रपति में

CCS UPSC ccsupsc.com 2247760 2247760 2247760

32. भारत का महान्यायवादी :

(A) राष्ट्रपति को विधिक मामलों में परामर्श देता है।

(B) सर्वोच्च न्यायालय के अतिरिक्त सुनवाई हेतु अर्ह नही है।

(C) संसद के सदन की प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकता है।

(D) सरकार का पूर्ण कालिक सलाहकार है।

33. भारतीय संविधान के विभिन्न सूचियों के निम्नलिखित विषयों पर विचार कीजिए। निम्नलिखित में से कौन विषय समवर्त्ती सूची में आते है?

1) वन्यजीवों की सुरक्षा

2) कृषि पर आय

3) विद्युत उपभोग अथवा विक्री पर कर

4) मूल्य नियंत्रण

इनमें से :

(A) 2 तथा 3 सही है

(B) 1 तथा 4 सही है

(C) केवल 4 सही है

(D) केवल 2 सही है

34. निम्नलिखित में से कौन–सा नीति निर्देशक तत्त्व गांधीवादी सिद्धांतों के अनुरुप नही है?

1) ग्राम पंचायतों का गठन

2) समान नागरिक संहिता

3) ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों की प्रोन्नति

4) काम का अधिकार

(A) केवल 2

(B) 1 तथा 2

(C) 2 और 4

(D) 1 और 3

35. निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म सुमेलित नही है?

(A) शपथ का प्रारूप – तीसरी अनुसूची

(B) राज्यसभा में सीटों का आवंटन – चौथी अनुसूची

(C) अनुसूचित क्षेत्रों का प्रशासन – छठी अनुसूची

(D) संघ सूची – सातवीं अनुसूची

36. केन्द्रीय सरकार के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए।

1) मंत्रालय तथा विभागों का निर्माण प्रधानमंत्री द्वारा कैबिनेट सचिव के परामर्श से होता है।

2) प्रत्येक मंत्री को मंत्रालय राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री के परामर्श पर आवंटित किया जाता है।

इनमें से :

(A) केवल 1 सही है

(B) केवल 2 सही है

(C) 1 और 2 सही है

(D) न तो 1 सही है और न ही 2 सही है

CCS UPSC ccsupsc.com 8224774760

37. राज्य विधायिका की कार्यवाही के बारे में क्या सत्य है ?

(A) महाधिवक्ता को मत देने का अधिकार है।

(B) विधायिका में कार्य केवल राज्य की सरकारी भाषा में अथवा हिन्दी अथवा अंग्रेजी में निष्पादित किए जाएगें।

(C) यह किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आचरण पर चर्चा कर सकती है।

(D) किसी कथित अनियमितता के आधार पर कार्यवाही को वैधता पर प्रश्न किए जा सकते हैं।

38. भारतीय संविधान मौलिक अधिकारों पर औचित्यपूर्ण प्रतिबंध का प्रावधान करता है किन्तु औचित्य को ध्यान में रखना चाहिए कि :

1) सामान्य जन का हित संरक्षित हो

2) विद्यमान सामाजिक मूल्य एवं सामाजिक आवश्यक्ताएं अवरोध न हो।

3) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों को नजर अंदाज किया जा सकता है।

4) सामूहिक हित बृहत्तर नही है।

इनमें से :

(A) 2 और 3 सही है

(B) 1 और 2 सही है

(C) केवल 4 सही है

(D) केवल 1 सही है

39. निम्नलिखित में से कौन वित्त आयोग के सदस्य के लिए आवश्यक अर्हताओं का निर्धारण करता है ?

(A) मंत्रिपरिषद

(B) भारत का राष्ट्रपति

(C) संसद विधि द्वारा

(D) संघीय कैबिनेट

40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

1) सदन को आहूत करने का अर्थ दीक्षांत है।

2) स्थगन से सत्रावसान होता है।

3) विघटन सदन को समाप्त करता है।

4) स्थगन सदन के नेता द्वारा अकेले किया जा सकता है।

इनमें से कौन–सा सही <u>नही</u> है ?

(A) 1 तथा 3

(B) 2 तथा 3

(C) केवल 2

(D) केवल 4

41. पंचायतों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा के लिए कौन अधिकृत है?

(A) ब्लॉक समिति का अध्यक्ष

(B) मुख्यमंत्री

(C) जिला परिषद् का अध्यक्ष

(D) राज्यपाल द्वारा गठित वित्त आयोग

42. सरकार द्वारा घोषित आत्म निर्भर भारत योजना सहयोग करती है :

1) भारत की निर्माण क्षमता वृद्धि तथा उद्योगों से निर्यात में

2) घरेलू उत्पादन में विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने में

इनमें से :

(A) 1 सही है

(B) 2 सही है

(C) 1 और 2 दोनों सही हैं

(D) न तो 1 सही है और न ही 2 सही है



2247760 2247760 2247760 CCS UPSC ccsupsc.com

43. पंचायती राज का क्या मुख्य उद्देश्य है?

(A) रोजगार सृजन

(B) कृषि उत्पादन में वृद्धि करना

(C) जनता में राजनीतिक चेतना में वृद्धि करना

(D) जनता को विकास के प्रशासन में प्रतिभाग करने योग्य बनाना.

44. निन्दा प्रस्ताव के बारे में क्या सत्य है?

(A) यह अविश्वास प्रस्ताव से भिन्न है।

(B) यह अविश्वास प्रस्ताव से भिन्न नही है।

(C) इस प्रस्ताव में कारण का उल्लेख करना अनिवार्य नही है।

(D) सदन की अनुमति इसे प्रस्तावित करने हेतु आवश्यक नही है।

45. निम्नलिखित में से कौन–सा विषय उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय दोनों के अधिकार क्षेत्र में आता है?

(A) राज्यों के बीच विवाद

(B) केंद्र और राज्य के बीच विवाद

(C) मौलिक अधिकारों का संरक्षण

(D) संविधान के उल्लंघन से संरक्षण

46. कांग्रेस में किस भारतीय नेता ने प्रथम बार उदारवादियों पर 'सुरक्षित–वाल्व सिद्धांत' का प्रयोग करने का आक्षेप लगाया गया था?

(A) लाला लाजपत राय

(B) बिपिन चन्द्र पाल

(C) बाल गंगाधर तिलक

(D) दादाभाई नारौजी

47. दिल्ली में उसके राजकीय प्रवेश के अवसर पर किस वायसराय पर एक बम फेंका गया था?

(A) लार्ड मिन्टो

(B) लार्ड कर्जन

(C) लार्ड हार्डिंग्ज

(D) लार्ड वेवल

48. 1911 में कॅलिफोर्निया विश्वविद्यालय में भारतीय दर्शन–शास्त्र के प्रोफेसर बनने का किसे अवसर मिला?

(A) वीरेन्द्रनाथ चट्टोपाध्याय

(B) सोहन सिंह भकना

(C) हर दयाल

(D) श्यामजी कृष्ण वर्मा

49. एम. ए. ओ. कॉलेज, अलिगढ़ के प्रधानाचार्य का नाम बताईये जिसने 19 वीं सदी के अन्तिम दशकों में मुस्लिम साम्प्रादायिकतावाद को बढ़ावा दिया था?

(A) मिन्टों

(B) डनलप स्मिथ

(C) विलियम मौरिस

(D) थियोडोर बैक

50. 'द यंग इण्डिया', एक राष्ट्रीय पत्र, को प्रारम्भ किया था :

(A) महात्मा गाँधी

(B) ऐनी बेसैन्त

(C) बाल गंगाधर तिलक

(D) मौलाना अबुल कलाम आजाद

2247760 2247760 2247760
CCS UPSC ccsupsc.com

51. मैजिनाट रेखा किन देशों के बीच विद्यमान है ?

(A) फ्रांस एवं जर्मनी

(B) यू. एस. ए. एवं कॅनडा

(C) नामीबिया एवं अंगोला

(D) साउथ कोरिया एवं नार्थ कोरिया

52. होर्मुज जलडमरूमध्य जोडता है :

(A) लाल सागर से अढन की खाड़ी

(B) परशिया की खाड़ी से ओमान की खाड़ी

(C) लाल सागर से हिन्द महासागर

(D) मेडीटरेनियन सागर से लाल सागर

53. 'ग्राउन्ड जीरो' कहाँ है ?

(A) न्यूयार्क

(B) ग्रीनविच

(C) इंदिरा प्वाइन्ट

(D) श्रीहरिकोटा

54. निम्नलिखित में से कौन–सा स्थलडमरूमध्य है जो कि 'डेविल्स नेक' के नाम से जाना जाता है ?

(A) क्रा स्थलडमरूमध्य

(B) पनामा स्थलडमरुमध्य

(C) कोरेलियान स्थलडमरूमध्य

(D) कोरिन्थ स्थलडमरूमध्य

55. लडंग सन्दर्भित करता है :

(A) वृक्षारोपण कृषि

(B) स्थानान्तरित कृषि

(C) कृषि का पदार्थ प्रकार

(D) शुष्क कृषि

56. दुनिया का सबसे बड़ा नदी द्वीप कौन–सा है ?

(A) माजुली द्वीप

(B) श्रीरंगम द्वीप

(C) भवानी द्वीप

(D) आगात्ती द्वीप

57. भारत का सबसे बड़ा द्वितीय नदी बेसिन है :

(A) नर्मदा नदी बेसिन

(B) महानदी नदी बेसिन

(C) गोदावरी नदी बेसिन

(D) कावेरी नदी बेसिन

58. निम्नलिखित में से कौन–सा अलकनन्दा और भगीरथी के संगम का स्थल है ?

(A) कर्ण प्रयाग

(B) विष्णु प्रयाग

(C) रूद्र प्रयाग

(D) देव प्रयाग

CCS UPSC ccsupsc.com 224477760

59. भारतीय क्षेत्र में दो ज्वालामुखी द्वीप है :

(A) बितरा एवं कावारत्ती

(B) कावारत्ती एवं न्यु मूर

(C) पमबन एवं बेरन

(D) नारकोण्डम एवं बेरन

60. मेरठ में किस आइटम कि शिल्पकला को जी. आई. टैग मिला है ?

(A) संगीत उपकरण

(B) खेलकूद सामाग्री

(C) लड्डू

(D) कैंची

61. भारत में समशीतोष्ण वन अनुसंधान केन्द्र किस शहर में है ?

(A) रांची

(B) शिमला

(C) श्रीनगर

(D) देहरादून

62. कान्हा नेशनल पार्क स्थित है :

(A) असम में

(B) उत्तराखण्ड में

(C) मध्य प्रदेश में

(D) महाराष्ट्र में

63. 'लोकतक' एक ........ है।

(A) झील

(B) घाटी

(C) नदी

(D) पर्वत श्रृंखला

64. निम्नलिखित में से कौन–सा पार्क/अभ्यारण्य बिहार में बाघ परियोजना के अर्न्तगत आता है ?

(A) वाल्मीकी राष्ट्रीय पार्क

(B) उदयपुर वन्यजीव अभ्यारण्य

(C) भीमबन्द वन्यजीव अभ्यारण्य

(D) इनमें से कोई नहीं

65. निम्नलिखित में से कौन–सा बिहार का राज्य पशु है ?

(A) बैल

(B) गाय

(C) भैंसा

(D) घोड़ा

66. बिहार में नालन्दा विश्वविद्यालय की पुर्न–स्थापना किस वर्ष हुई थी ?

(A) 2007

(B) 2005

(C) 2008

(D) 2014

CCS UPSC ccsupsc.com 22477760 22477760 22477760

67. कर्मनाशा नदी का उद्गम स्थल है :

(A) वैशाली जिला

(B) कैमूर जिला

(C) पटना जिला

(D) बिक्रम जिला

68. बिहार सम्पूर्ण भारत का .....% पायराइट उत्पादित करता है।

(A) 85

(B) 75

(C) 95

(D) 100

69. बिहार के किस जिले में सोना पाया जाता है?

(A) जमुई जिला

(B) गया जिला

(C) नालन्दा जिला

(D) भागलपुर जिला

70. बिहार का अधिकांश भाग निम्नलिखित में से किस प्रकार की जलवायु के अन्तर्गत आता है?

(A) उष्णकटिबंधीय सवाना

(B) उपोष्ण कटिबंधीय मानसून

(C) गर्म एवं शुष्क

(D) गर्म एवं शुष्क मरुस्थल

71. हम एक लकड़ी के बक्से को 200 न्यूटन बल लगाकर उसे नियत वेग से फर्श पर ढकलते है। सीमान्त घर्षण बल होगा :

(A) 200 न्यूटन

(B) 100 न्यूटन

(C) 300 न्यूटन

(D) 400 न्यूटन

72. एक ट्रक विराम अवस्था से किसी पहाड़ी से नीचे की ओर नियत त्वरण से लुढ़कना शुरू करता है। यह 20 सेकेण्ड में 400 मीटर की दूरी तय करता है। यदि ट्रक का द्रव्यमान 7 टन है तो इस पर लगने वाला बल होगा :

(A) 12000 न्यूटन

(B) 11000 न्यूटन

(C) 13000 न्यूटन

(D) 14000 न्यूटन

73. किसी घर में एक महिने में ऊर्जा की खपत 250 यूनिट होती है तो कुल ऊर्जा जूल में होगी :

(A) $8 \times 10^6$

(B) $9 \times 10^5$

(C) $9 \times 10^8$

(D) $10^5$

74. किस माध्यम में ध्वनी की चाल अधिकतम होती है?

(A) जल

(B) स्टील

(C) वायू

(D) हाइड्रोजन

2247760 2247760 2247760 2247760
CCS UPSC ccsupsc.com

75. मुक्त रूप से गिरते हुये पिण्ड की स्थितिज ऊर्जा लगातार कम होती जाती है।

(A) ऊर्जा संरक्षण सिद्धान्त का उल्लंघन नहीं है।

(B) ऊर्जा संरक्षण सिद्धान्त का उल्लंघन है।

(C) गुरूत्वाकर्षण बल का उल्लंघन है।

(D) गुरूत्वाकर्षण बल का उल्लंघन नही है।

76. बेलों की एक जोड़ी खेत जोतते समय हल पर 140 न्यूटन का बल लगाती है। जोता गया खेत 15 मीटर लम्बा है। खेत की लम्बाई को जोतने में किया गया कार्य :

(A) 2000 जूल

(B) 1900 जूल

(C) 2100 जूल

(D) 2200 जूल

77. समतल दर्पण की फोकस दूरी होती है :

(A) – 1 सेमी

(B) +1 सेमी

(C) 2 सेमी

(D) अनन्त

78. निम्नलिखित में से कौन–सा पद विद्युत परिपथ में विद्युत शक्ति को निरूपित नही करता है?

(A) $IR^2$

(B) $I^2R$

(C) VI

(D) $V^2/R$

79. लघु पाथन के समय परिपथ में विद्युत धारा का मान :

(A) परिवर्तित नही होता है

(B) बहुत कम हो जाता है

(C) बहुत अधिक बढ़ जाता है

(D) निरन्तर परिवर्तित होता है

80. उपकरणों को विद्युत आघात से बचाने वाली युक्ति है :

(A) जनित्र

(B) फ्यूज

(C) मोटर

(D) धारा नियंत्रक

81. 0.1 एन HCl समाधान का पीएच मान है लगभग :

(A) 11.0

(B) 1.0

(C) 10

(D) 2.0

82. नीचे से रात में चमकने वाले वर्णक के रूप में कौन–सा यौगिक जाना जाता है?

(A) कॉपर सल्फाइड डोप्ड जिंक ऑक्साइड

(B) यूरोपियम डोप्ड स्ट्रोंटियम एलुमिनेट

(C) बेरियम सल्फेट डोप्ड कॉपर कार्बोनेट

(D) बोरॉन ऑक्साइड डोप्ड कॉपर सल्फेट

83. स्मार्ट फिल्म के लिए किस सामग्री का उपयोग किया जाता है?

(A) कैल्शियम कार्बोनेट

(B) इंडियम टिन ऑक्साइड

(C) जिंक क्लोराइड

(D) सिलिका

84. कार्सिनोमा के उपचार के लिए किस धातु यौगिक का उपयोग किया जाता है?

(A) क्रोमियम

(B) प्लेटिनम

(C) आयरन

(D) क्लोरीन

85. गर्भनिरोधक गोलियों में किस यौगिक का उपयोग किया जाता है?

(A) लेवोनोर्गेस्ट्रेल

(B) कोलेकैल्सीफेरोल

(C) वैनलाफ्लेक्सिन

(D) सेट्रीजीन

86. तेल को गैल्वनाइज्ड आयरन पॉट में क्यों नहीं रखा जाता है?

(A) यह जहरीला यौगिक बनाता है

(B) यह तेल की गुणवत्ता को कम करता है

(C) जंग देखी जाती है

(D) उपरोक्त सभी

87. ऑक्टेन रेटिंग बढ़ाने के लिए किस यौगिक का उपयोग किया जाता है?

(A) टेट्रामिथाइल ऑक्साइड

(B) ट्राइमेथिल हेक्सेन

(C) टेट्राएथिललेड

(D) ट्राइएथिल टोल्यूनि

88. PHBV बायोडिग्रेडेबल पॉलीमर का पूर्ण रूप :

(A) पॉली हाइड्रॉक्सी ब्यूटेन वेराट्रिक एसिड

(B) पॉलीहाइड्रॉक्सी ब्यूटाइल वैनिलीन

(C) पॉली (3 - हाइड्रॉक्सी ब्यूटाइरेट - co-3 हाइड्रॉक्सी वैलेरेट)

(D) पॉली हाइड्रॉक्सी ब्यूटाइरिक एसिड वेराट्रिक एसिड

89. हार्मोन किसके द्वारा स्रावित होते है?

(A) प्रजनन ग्रंथियां

(B) तैलीय ग्रंथियां

(C) बहिःस्रावी ग्रंथियां

(D) अंतःस्रावी ग्रंथियां

90. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द हर्पीस सिंप्लेक्स वायरस और मानव के बीच की बातचीत को दर्शाता है?

(A) सहजीवन

(B) परजीविता

(C) एंडोसिम्बियोसिस

(D) एंडोपारासाइटिज्म

91. संक्रमण के जवाब में बनने वाली पहली इम्युनोग्लोबुलिन की श्रेणी कौन–सी है?

(A) IgA

(B) IgG

(C) IgM

(D) IgE

92. जैविक झिल्ली (Biological membranes) किससे बनी होती है?

(A) लिपिड और प्रोटीन के विभिन्न संयोजन जो प्रत्येक प्रजाति, कोशिका प्रकार और अंग के लिए विशिष्ट होते हैं।

(B) केवल लिपिड

(C) केवल प्रोटीन

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

93. निम्नलिखित में से कौन–सा एक नॉन–सेंस कोडन है?

(A) AUG

(B) UAA

(C) UUU

(D) UGC

94. विलुप्त होने के खतरे में पड़ी प्रजातियाँ कहलाती है :

(A) दुर्लभ

(B) सुभेद्य

(C) लुप्तप्राय

(D) विलुप्त

95. निम्नलिखित में से कौन–सी खरीफ फसल है?

(A) जौ

(B) गन्ना

(C) चना

(D) गेहूं

96. पौधों में जाइलम (Xylem) निम्नलिखित कार्य के लिए जिम्मेदार है :

(A) भोजन का परिवहन

(B) पानी और घुले हुए खनिजों का परिवहन

(C) ऑक्सीजन और अन्य गैसों का परिवहन

(D) आवश्यक अमीनो एसिड का परिवहन

97. पौधों के वर्गीकरण में संवहनी ऊतकों (vascular tissues) की विशेषताओं का उपयोग करने वाले पहले व्यक्ति कौन थे?

(A) एंगलर और प्रांतल

(B) बेंथम और हुकर

(C) ए पी डी कोंडोले

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

98. आम में हम जो भाग खाते हैं वह है :

(A) वाह्यफलभित्ति

(B) मध्यफलभित्ति

(C) अंत:फलभित्ति

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

99. ओजोन दिवस कब मनाया जाता है?

(A) 5 जून

(B) 16 सितंबर

(C) 21 अप्रैल

(D) 5 दिसंबर



CCS UPSC ccsupsc.com 2247760 2247760 2247760

100. माइकोराइज़ा संबंध में, पौधे का लाभ है :

(A) सुरक्षा

(B) भोजन

(C) (A) और (B) दोनों

(D) खनिजों का बढ़ा हुआ अवशोषण और रोगों से सुरक्षा

101. किस कमीशन ने सभी राजनीतिक समूहों और दलों के किसी भी भारतीय सदस्य को शामिल नही करने के कारण बेचैनी को बल मिला ?

(A) क्रिप्स मिशन

(B) वैलबी कमीशन

(C) साईमन कमीशन

(D) कैबिनेट मिशन

102. किसने आजाद हिन्द फौज का नेतृत्व संभाला और 'चलो दिल्ली' की प्रसिद्ध लड़ाई का नारा दिया था ?

(A) मोहन सिंह

(B) रास बिहारी बोस

(C) शाह नवाज खाँ

(D) सुभाष चन्द्र बोस

103. "हम या तो भारत को स्वतन्त्र करेंगे या अभियान में मर जायेंगे..." यह किसने कहा ?

(A) महात्मा गाँधी

(B) जवाहरलाल नेहरू

(C) अबुल कलाम आजाद

(D) वी. डी. सावरकर

104. किसने "बाँटो और छोड़ो" के नारे को बुलन्द किया था ?

(A) एम. ए. जिन्नाह

(B) एम. ए. अंसारी

(C) जवाहरलाल नेहरू

(D) मुहम्मद इकबाल

105. किस अधिनियम ने भारत के विभाजन के लिए दो नये स्वतन्त्र भारत और पाकिस्तान के राज्यों को मूर्तिरूप दिया था ?

(A) भारत सरकार अधिनियम, 1919

(B) भारत सरकार अधिनियम, 1935

(C) भारतीय स्वतन्त्रता अधिनियम, 1947

(D) उपरोक्त में से कोई नही

106. किस कांग्रेसी नेता ने 1918 में बिहार की यात्रा की ताकि होम रूल लीग की गतिविधियों को बल मिल सके ?

(A) ऐनी बेसैन्त

(B) बी.जी. तिलक

(C) महात्मा गाँधी

(D) एम. ए. अन्सारी

107. चम्पारन कृषि कमेटी की नियुक्ति में किसके बीच समझौता हुआ ?

(A) भारतीय सरकार और राज कुमार शुक्ला

(B) भारतीय सरकार और गाँधीजी

(C) भारतीय सरकार और राजेन्द्र प्रसाद

(D) भारतीय सरकार और अनुग्रह नारायण सिंह

CCS UPSC ccsupsc.com 2224777760

108. बिहार में किसान सभा का प्रमुख नेता कौन था?

(A) सहजानन्द सरस्वती

(B) राज कुमार शुक्ला

(C) आचार्य नरेन्द्र देव

(D) बाबा रामचन्द्र

109. बिक्रम पुलिस थाने के अन्तर्गत राष्ट्रीय ध्वज को फहराते समय किसको मार दिया गया था?

(A) गोराखड़ी के रघुनाथ सिंह

(B) बिक्रमपुर के राम नारायण

(C) गोराखड़ी के सत्येन्द्र

(D) उपरोक्त में से कोई नही

110. मार्च 1939 में बिहार के मुख्यमन्त्री कौन बने?

(A) अनुग्रह नारायण सिंह

(B) राजेन्द्र प्रसाद

(C) श्री कृष्ण सिंह

(D) उपरोक्त में से कोई नही

111. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए।

| | सूची–I<br>प्राचीन भारत के स्थल | | सूची–II<br>वर्तमान में किस राज्य में |
|---|---|---|---|
| a) | कर्णसुवर्ण | 1) | महाराष्ट्र |
| b) | प्राग्ज्योतिष | 2) | गुजरात |
| c) | गिरनार | 3) | पश्चिम बंगाल |
| d) | प्रतिष्ठान | 4) | असम |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

112. निम्नलिखित में से कौन एक ऋग्वैदिक युग से सम्बन्धित नहीं है?

(A) गार्गी

(B) घोषा

(C) अपाला

(D) विश्ववारा

2247760
2247760
2247760
CCS UPSC
ccsupsc.com

113. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए।

| सूची–I घटना/स्थान | | सूची–II सम्बन्धित व्यक्ति | |
|---|---|---|---|
| a) | चोल गंगम झील | 1) | चन्द्रगुप्त मौर्य |
| b) | धर्म महामात्र की नियुक्ति | 2) | हर्षवर्धन |
| c) | प्रयाग की सभा | 3) | राजेन्द्र प्रथम |
| d) | सुदर्शन झील | 4) | अशोक |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 2 | 3 | 1 | 4 |

114. निम्नलिखित शासकों में से किसने सबसे अधिक समय तक शासन किया?

(A) मुहम्मद बिन तुगलक

(B) अलाउद्दीन खिलजी

(C) बहलोल लोदी

(D) बलबन

115. प्राचीन भारत के निम्नलिखित राजवंशों पर विचार कीजिए।

1) शुंग

2) मौर्य

3) कुषाण

4) कण्व

निम्नलिखित में से उनके शासन का सही कालानुक्रमिक क्रम कौन–सा है?

(A) 1-2-3-4

(B) 2-1-4-3

(C) 2-3-1-4

(D) 2-1-3-4

116. निम्नलिखित में से कौन–सी एक तुलसीदास द्वारा नहीं लिखी गयी है?

(A) विनयपत्रिका

(B) गीतावली

(C) साहित्यलहरी

(D) कवितावली

2247760 2247760 2247760
CCS UPSC ccsupsc.com

117. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए।

| सूची–I | | सूची–II | |
|---|---|---|---|
| इमारत | | बनवाने वाला/वाली | |
| a) | काबुली बाग मस्जिद | 1) | कुतुबुद्दीन ऐबक |
| b) | अढ़ाई दिन का झोपड़ा | 2) | नूरजहाँ |
| c) | इलाहाबाद का किला | 3) | अकबर |
| d) | एतमाद–उद–दौला का मकबरा | 4) | बाबर |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 1 | 4 | 3 | 2 |

118. निम्नलिखित में से कौन एक सही सुमेलित नहीं है?

| | व्यक्ति | | सम्बन्धित रहे |
|---|---|---|---|
| (A) | दयानन्द सरस्वती | – | सत्यार्थ प्रकाश |
| (B) | जेम्स ऑगस्टस हिक्की | – | केलकटा क्रोनिकल |
| (C) | रामास्वामी नैकर | – | जस्टिस पार्टी |
| (D) | ज्योतिराव फूले | – | सत्यशोधक समाज |

119. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए।

| सूची–I | | सूची–II | |
|---|---|---|---|
| पिता | | पुत्र | |
| a) | बाबर | 1) | सलीम |
| b) | अकबर | 2) | खुसरो |
| c) | शाहजहाँ | 3) | कामरान |
| d) | जहाँगीर | 4) | मुराद |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 4 | 2 | 3 | 1 |

120. कौन –सी बौद्ध संगीति बिहार में आयोजित नहीं की गई थी?

(A) द्वितीय

(B) प्रथम

(C) तृतीय

(D) चतुर्थ

121. सुभाष चन्द्र बोस के बारे में निम्नलिखित में से कौन–से कथन सही है?

1) वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1938 के त्रिपुरी सत्र में अध्यक्ष चुने गए।

2) जनवरी 1941 ई. में वह घर में नजरबंदी से भाग निकले।

3) उन्होंने सिंगापुर में 21 अक्टुबर 1943 ई. को भारत की अस्थाई सरकार गठित की।

(A) केवल 2 और 3

(B) केवल 1 और 2

(C) केवल 1 और 3

(D) 1, 2 और 3

CCS UPSC ccsupsc.com 2247760

**122.** निम्नलिखित में से कौन नालन्दा विश्वविद्यालय में आचार्य नहीं थे?

(A) कौटिल्य

(B) नागार्जुन

(C) शीलभद्र

(D) शांतिरक्षित

**123.** आधुनिक भारतीय इतिहास को निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए।

1) राजा नंदकुमार को मृत्युदण्ड

2) सालबाई की संधि

3) वन्दिवाश की लड़ाई

4) टीपू सुल्तान की मृत्यु

निम्नलिखित में से उपरोक्त घटनाओं का सही कालानुक्रमिक क्रम कौन-सा है?

(A) 3-1-2-4

(B) 2-3-4-1

(C) 2-4-1-3

(D) 3-2-1-4

**124.** बिहार के निम्नलिखित समाचार पत्रों में से सबसे पहले किसका प्रकाशन प्रारम्भ हुआ था?

(A) पटना हरकारा

(B) बिहार बंधु

(C) अखबार-ए-बिहार

(D) बिहार हेरल्ड्

**125.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए।

| सूची-I घटना/संगठन | सूची-II सम्बन्धित व्यक्ति |
|---|---|
| a) चंपारन सत्याग्रह | 1) जयप्रकाश नारायण |
| b) आज़ाद दस्ता | 2) श्याम नारायण सिंह |
| c) 1940 में बिहार में व्यक्तिगत सत्याग्रह | 3) सहजानन्द सरस्वती |
| d) किसान सभा बिहार | 4) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (B) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (C) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**126.** निम्नलिखित प्रश्न में, नीचे दिए हुए चार शब्दों में तीन में एक प्रकार की समानता है तथा चौथा भिन्न है। भिन्न शब्द को ज्ञात करें।

(A) दूरबीन

(B) सुक्ष्मदर्शी यन्त्र

(C) स्टैथोस्कोप (परिश्रावक)

(D) परिदर्शी यंत्र

CCS UPSC ccsupsc.com 22477760

127. SPRING को कोड में UNUFRC लिखा जाता है। उसी कोड भाषा में MOBILE शब्द को कैसे लिखेंगे?

(A) OMPGNC
(B) OMEFPA
(C) MPQSUL
(D) SEGRFT

128. मुकेश ने अपने मित्र से कहा, "रीता मेरे पुत्र की पत्नी की बेटी की माँ है।" मुकेश का रीता के साथ क्या रिश्ता है?

(A) दामाद
(B) पिता
(C) बेटा
(D) ससुर

129. राम उत्तर दिशा में जाता है, फिर दाएं मुड़ता है, फिर दुबारा दाएं चलता है और अन्त में बाएं जाता है। अब राम किस दिशा में है?

(A) दक्षिण
(B) पूर्व
(C) उत्तर
(D) पश्चिम

130. अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में लिखते हुए, निम्नलिखित में से कौन सा नाम सबसे अंत में आएगा?

(A) Mohinder
(B) Mahinder
(C) Mohender
(D) Mahendra

131. 39 विद्यार्थियों की कक्षा में नितिन जोगिन्द्र से 7 रैंक (श्रेणी) आगे है। यदि जोगिन्द्र का रैंक अंतिम से 17 वाँ है तो नितिन का रैंक आरम्भ से कितना है?

(A) 15 वाँ
(B) 17 वाँ
(C) 18 वाँ
(D) 16 वाँ

132. यदि + का अर्थ ×, × का अर्थ –, ÷ का अर्थ + तथा – का अर्थ ÷, तब $175 - 25 \div 5 + 20 \times 3 + 10$ के समान है:

(A) 87
(B) 77
(C) 140
(D) 70

133. राहुल की आयु सीमा से 3 गुणा अधिक है। चार वर्ष पूर्व लक्ष्मी की आयु राहुल से दुगणी थी। अगले चार वर्षों में राहुल 31 वर्ष का हो जाएगा। सीमा तथा लक्ष्मी की वर्तमान आयु क्या हैं?

(A) 9, 52
(B) 10, 50
(C) 9, 45
(D) 9, 50

134. निम्नलिखित विकल्पों से लुप्त संख्या ज्ञात करें।

| | | |
|---|---|---|
| 28 | 20 | 7 |
| 84 | ? | 12 |
| 45 | 25 | 9 |

(A) 35
(B) 30
(C) 20
(D) 25

135. RAIN को कोड में 8$%6 लिखा जाता है तथा MORE को 7#8@ दर्शाया जाता है। उसी कोड भाषा में REMAIN को कैसे दर्शाया जाएगा?

(A) %7@%6#
(B) @$86%7
(C) 86@$#7
(D) 8@7$%6

136. 38 वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 में बिहार के खिलाड़ियों ने कितने कांस्य पदक जीते?

(A) 4

(B) 5

(C) 6

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

137. कोसी–मेची लिंक परियोजना से बिहार के कौन–कौन से जिलों को लाभ होगा?

(A) पटना, नालंदा, गया, सिवान

(B) दरभंगा, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, बेगूसराय

(C) अररिया, पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

138. किन भारतीय भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्राप्त है?

(A) तेलुगु

(B) मराठी

(C) बंगाली

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

139. नागी पक्षी अभयारण्य स्थल को महत्वपूर्ण पक्षी और जैव विविधता क्षेत्र (IBA) के रूप में किस संगठन ने मान्यता दी?

(A) यूनेस्को

(B) वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड

(C) बर्ड लाइफ इंटरनेशनल

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

140. राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 2025 का आयोजन कहाँ किया गया था?

(A) पटना

(B) मधुबनी

(C) गया

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

141. लूनर ट्रेलब्लेज़र मिशन का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(A) चंद्रमा की सतह पर जल का पता लगाना और उसका मानचित्रण करना

(B) पूरे चंद्रमा का एक त्रि–आयामी मॉडल बनाना

(C) नए चंद्र रोवर्स का परीक्षण करना

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

142. अफ्रीकानर्स से अभिप्राय किन लोगों से है?

(A) अमेरिका में इंडो–अफ्रीकी मूल के लोग

(B) अफ्रीका में आदिवासी समुदाय

(C) दक्षिण अफ्रीका में श्वेत अल्पसंख्यक समूह

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

143. उस 16 वीं सदी की बावड़ी का नाम क्या है, जिसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने हाल ही में वर्ल्ड मॉन्युमेंट्स फंड इंडिया के सहयोग से संरक्षित किया है?

(A) अग्रसेन की बावली

(B) राजों की बावली

(C) चौकी बावड़ी

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

144. न्यूयॉर्क सिटी के मेयर का नाम क्या है जिन्होंने 14 अप्रैल, 2025 को डॉ. बी. आर. अंबेडकर दिवस घोषित किया?

(A) बिल डी ब्लासियो

(B) एरिक एडम्स

(C) सादिक खान

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

145. यूरोविज़न सॉन्ग कॉन्टेस्ट का स्थायी नारा क्या है?

(A) म्यूजिक यूनाइट्स अस

(B) टुगेदर इन सॉन्ग

(C) यूनाइटेड बाई म्यूजिक

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

146. इसरो के GSLV-F15 मिशन के बारे में क्या सत्य है?

(A) इससे NVS-02 उपग्रह को ले जाया गया

(B) यह श्रीहरिकोटा से इसरो का 101 वां प्रक्षेपण था

(C) यह श्रीहरिकोटा से इसरो का 100 वां प्रक्षेपण था

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

147. G20 के 18 वें शिखर सम्मेलन के बारे में क्या सत्य है?

(A) यह रियो डी जनेरियो में आयोजित हुआ

(B) इसका विषय था : "बिल्डिंग अ जस्ट वर्ल्ड एंड अ सस्टेनेबल प्लैनेट"

(C) रियो डी जनेरियो घोषणा पत्र में अरबपतियों पर कर लगाने पर जोर दिया गया

(D) उपरोक्त में से कोई नही

148. 2024 में बाकू में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में किस समझौते पर सहमति बनी?

(A) 2030 तक वैश्विक स्तर पर जीवाश्म ईंधन पर प्रतिबंध का लक्ष्य

(B) विकसित देशों से 2030 तक प्रति वर्ष कम से कम 500 बिलियन डॉलर देने की अपील

(C) विकसित देशों से 2035 तक प्रति वर्ष कम से कम 300 बिलियन डॉलर देने की अपील

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

149. 2024 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाली हान कांग के उपन्यास 'द वेजिटेरियन' को कौन–सा अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुआ था?

(A) पुलित्जर पुरस्कार

(B) पेन अमेरिका लिटरेरी अवार्ड्स

(C) इंटरनेशनल बुकर पुरस्कार

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

150. निम्नलिखित में से नेपाल के किस ग्लेशियर को मई 2025 में 'मृत' घोषित किया गया?

(A) खुम्बु ग्लेशियर

(B) याला ग्लेशियर

(C) इम्जा ग्लेशियर

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक